RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : रविवार 06 अप्रैल 2025 वर्ष 06 अंक 354 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई: 18.92 करोड़ रुपये मूल्य के 21.28 किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में दो विदेशि गिरफ्तार



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### पठानवाड़ी इलाके में कलश यात्रा के दौरान दो समूहों में हुई झड़प के बाद

# रामनवमी को लेकर महाराष्ट्र पुलिस अलर्ट मोड पर

**मुंबई : रामनवमी को लेकर महाराष्ट्र पुलिस अलर्ट मोड पर है. पूरे राज्य में पुलिस को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी समस्या से बचने के लिए पुलिस एहतियात बरत रही है. पिछले साल रामनवमी पर हुई तनावपूर्ण घटनाओं के कारण इस बार विशेष सावधानी बरती जाएगी. पुलिस उन क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाएगी, जहां तनावपूर्ण घटनाएं हुई हैं. सभी क्षेत्रों पर ड्रोन के जरिए नजर रखी जाएगी. पुलिस ने यह देखा है कि कुछ क्षेत्रों में आयोजक रामनवमी के लिए निकलने वाले शोभा यात्रा के मार्ग बदलने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए यात्रा की इजाजत देते समय लोकल पुलिस को सावधानी बरतने को कहा गया है.**



पुलिस मुस्लिम बहुल इलाकों से निकलने वाले जुलूसों पर विशेष नजर रखेगी, जहां मस्जिद के सामने से जुलूस निकलेगा, वहां अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी.

**नागपुर में भी पुलिस कर रही व्यापक इंतजाम**

हिंसा के बाद नागपुर में भी रामनवमी की शोभा यात्रा के लिए पुलिस व्यापक इंतजाम कर रही है. सड़कों पर दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी. यह शोभा यात्रा नागपुर के पोद्दारेश्वर राम मंदिर से शुरू होकर हंसपुरी, शहीद चौक, कोतवाली, सुभाष रोड, कॉटन मार्केट, सीताबर्डी होते हुए वापस राम मंदिर पहुंचता है. नागपुर की यह यात्रा ऐतिहासिक महत्व रखता है और आकर्षण का केंद्र होता है, यही कारण है कि इस यात्रा को देखने के लिए सैकड़ों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े होते हैं. दूसरी तरफ मुंबई के मलाड पठानवाड़ी इलाके में गुड़ी पड़वा के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा के दौरान दो समूहों में हुई झड़प के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है. मुंबई पुलिस रामनवमी और हनुमान जयंती के अवसर पर अंधेरी इलाके में रूट मार्च करती नजर आई.

## मुंबई : अभी के लिए आंदोलन बंद करो, लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान मत भटकने दो - राज ठाकरे



**मुंबई :** राज ठाकरे ने कहा कि, 'कल राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे. हम भी ऐसा नहीं चाहते, लेकिन चूंकि आप कानून के संरक्षक हैं, तो क्या रिजर्व बैंक के नियमों को लागू कराना आपका काम नहीं है? आपको बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी का सम्मान स्थापित करना चाहिए, फिर हम निश्चित रूप से कानून अपने हाथ में नहीं लेंगे.'

उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र के सैनिकों, अभी के लिए आंदोलन बंद करो, लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान मत भटकने दो. सरकार को नियमों का पालन करवाना चाहिए.' महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को मराठी भाषा को लेकर कार्यकर्ताओं को आंदोलन बंद करने का आदेश दिया है. उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के नाम एक पत्र जारी कर यह निर्देश दिया है. इसमें उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र में मराठी के मुद्दे पर मजबूत आवाज उठाने के लिए बधाई भी दी है. ठाकरे ने कहा कि अब इस आंदोलन को रोकना ठीक है, क्योंकि हमने इस बारे में पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है. लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान मत भटकने दो. दरअसल, राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में सभी बैंकों में मराठी भाषा में कामकाज अनिवार्य करने को लेकर आंदोलन छेड़ा है. मनसे के कार्यकर्ता मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र भर में उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं.

## मुंबई : अपनी शादी के लिए पैसे जुटाने के लिए कई घरों में चोरी; पुलिस ने आरोपी चोर को पकड़ा



**मुंबई :** मुलुंड पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी शादी के लिए पैसे जुटाने के लिए कई घरों में चोरी की, इससे पहले कि वह फ्लाइट से भाग पाता, मुंबई पुलिस ने आरोपी चोर को पकड़ लिया. आरोपी ने मुलुंड इलाके में स्थित मैराथन एमिनेंस नामक एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया था. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू की और आरोपी को ठाणे से गिरफ्तार किया, जहां वह किराए के कमरे में छिपा हुआ था.

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ निवासी राजेश राजभर (32) के रूप में हुई है. आरोपी ने मुंबई के चेंबूर, मुलुंड, भांडुप और उल्वे में बंद घरों के ताले तोड़कर चोरी की थी. कीमती सामान चुराने के बाद वह चोरी के सामान को ठिकाने लगाने के लिए सही मौके का इंतजार कर रहा था, हालांकि पुलिस को सूचना मिली और उसने उसका पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया.

# मुंबई : मराठी वर्सेस अमराठी मुद्दे पर उद्धव ठाकरे के शिवसेना की एंट्री

## हम मार से नहीं, बल्कि प्यार से सिखाएंगे मराठी




**मुंबई :** महाराष्ट्र में राज ठाकरे की एमएनएस पार्टी की ओर से छेड़े गए मराठी वर्सेस अमराठी मुद्दे पर उद्धव ठाकरे के शिवसेना की एंट्री हो गई है. उद्धव ठाकरे के उत्तर भारतीय नेता एवं पार्टी प्रवक्ता आनंद दुबे ने इसको लेकर कई जगह पर पोस्टर लगवाए हैं. उन्होंने कहा कि हम मार से नहीं, बल्कि प्यार से मराठी सिखाएंगे.

दरअसल, महाराष्ट्र में मराठी भाषा को बोलने और सीखने को लेकर राज ठाकरे की पार्टी का बैंक आंदोलन उग्र रूप दिखाई दिया. 30 मार्च को एमएनएस कार्यकर्ता पहले बैंक मैनेजर को फूल देते हैं. उसके बाद फिर चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर बैंकिंग कामकाज मराठी में नहीं किया तो आगे पत्थर मिलेंगे.

**मराठी भाषा पर शिवसेना के पोस्टर की एंट्री**


**कानून हाथ में लेने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल में चेतावनी दी थी कि मराठी भाषा के इस्तेमाल की मांग को लेकर कुछ लोग कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. फडणवीस ने कहा कि मराठी भाषा के इस्तेमाल पर जोर देना गलत नहीं है, लेकिन अगर ऐसा करते समय किसी ने भी कानून को अपने हाथ में लिया तो संबंधित लोगों के साथ उचित तरीके से निपटा जाएगा.

**मराठी भाषा पर टरर का आक्रामक रुख**

राज ठाकरे की एमएनएस राज्य में मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक और नागपुर जैसे बड़े निगमों में चुनाव से पहले मराठी पहचान के एजेंडे को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ा रही है. टरर कार्यकर्ताओं ने ठाणे और पुणे जिलों में अलग-अलग राष्ट्रीयकृत बैंकों के दो प्रबंधकों से ग्राहकों से संवाद करते समय मराठी का उपयोग न करने को लेकर उनके साथ बदसलूकी की.

## मुंबई : पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की पुस्तक 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' को लेकर राज्य की सियासत गर्म



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की पुस्तक 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' को लेकर राज्य की सियासत एक अलग गर्माहट देखने को मिल रही है। इसी बीच मामले में एनसीपी-एसपी नेता सुप्रिया सुले का एक बड़ा दावा सामने आया है। सुले ने महाराष्ट्र सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख की पुस्तक डायरी ऑफ होम मिनिस्टर पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुप्रिया सुले ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार में राज्य के गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके अनिल देशमुख ने अपनी पुस्तक में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि यह समझ जा रहा है कि सरकार पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की किताब 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है।



## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## टैरिफ छीन लेगा नौकरियां...

**अमरीका के 'जैसे को तैसा टैरिफ' से भारत की जीडीपी को 0.7 फीसदी का नुकसान हो सकता है। बेशक यह बहुत कम आंकड़ा लगता है, लेकिन नुकसान 2.5-3 लाख करोड़ रुपए तक का हो सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। विशेषज्ञों के ही आकलन हैं कि यदि जीडीपी कम हुई, तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा, लिहाजा फैक्टरियां या तो कर्मचारियों की छंटनी करेंगी अथवा वेतन कम करेंगी। आकलन यहां तक हैं कि 7-8 लाख नौकरियां जा सकती हैं। ऐसा ही प्रभाव तमिलनाडु की कंपनियों पर पड़ सकता है, जहां कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार करती हैं। भारत के गुजरात से प्रमुख तौर पर 78,000 करोड़ रुपए के रत्न-आभूषण, पत्थरों का कारोबार अमरीका के साथ किया जाता है। टैरिफ बढने से वे ज्यादा महंगे उत्पाद हो जाएंगे। एक उदाहरण एप्पल आईफोन का है, जिसकी फैक्टरियां भारत और चीन में हैं। चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। पहले से ही चीन पर टैरिफ काफी ज्यादा है। अब नए टैरिफ के बाद भारत-चीन में निर्मित एप्पल फोन अमरीकी बाजार में महंगा हो जाएगा, तो जाहिर है कि महंगा फोन कोई क्यों खरीदेगा? नए हालात में भारत की मुद्रा 'रुपया' और अधिक कमजोर होगा तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम होगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय भी स्वीकार कर रहा है कि यह टैरिफ हमारे लिए 'झटका' नहीं, बल्कि 'मिक्सबैग' है। यानी कुछ तो नुकसान के आसार हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 60 देशों पर 'जैसे को तैसा टैरिफ' थोपा है, नतीजतन दुनिया के देशों में हडकंप मचा है, अर्थव्यवस्थाएं हिल गई हैं, गरीबी और महंगाई के बढने के आसार हैं, ज्यादातर देश इसे 'टैरिफ युद्ध' मान रहे हैं और इसे ट्रंप का 'व्यापारिक पागलपन' करार दे रहे हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि दुनिया में 122 लाख करोड़ रुपए तक का नुकसान हो सकता है। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच अनेक वस्तुओं और उपकरणों आदि का आयात-निर्यात होता है।**


**प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी अमरीकी यात्रा के दौरान दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर (करीब 43 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ाने के समझौते की घोषणा की थी। व्यापार-सौदा इसी के तहत किया जाना है। इसका प्रथम चरण सितंबर-अक्तूबर तक पूरा हो सकता है। उसमें टैरिफ का समाधान मिल सकता है। अच्छी बात यह है कि भारत के फार्मा, तांबा, तेल, सेमीकंडक्टर, गैस, कोयला, एलएनजी, इंसुलिन, विटामिन्स, कीमती धातुएं (सोना, चांदी, प्लेटिनम), प्रिटेंड सामग्री और जिंक आदि 50 प्रमुख उत्पादों को 'टैरिफ-मुक्त' रखा गया है। करीब 6 अरब डॉलर के निर्यात वाली मशीनरी, 4 अरब डॉलर के निर्यात वाले मिनरल फ्यूल, 3 अरब डॉलर निर्यात वाले ऑर्गेनिक केमिकल्स और 1 अरब डॉलर के निर्यात वाले इमारती पत्थर आदि पर टैरिफ के कम असर पडने की संभावनाएं हैं, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट फोन, रत्न-आभूषण और कृषि सरीखे क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ेगा। हमारे किसान 50,000 करोड़ रुपए के चावल, फल-सब्जियां, अनाज आदि अमरीका को भेजते हैं।**


editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok



ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani


# मुंबई : वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समुदाय को डराने और हजारों एकड़ जमीन हड़पने की चाल है - हर्षवर्धन सपकाल



**मुंबई:** देश में वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर दोनों सदनों में बीते दिन लंबी बहसबाजी हुई। लंबी बहस के बाद संसद के दोनों सदनों में लंबी बहस के बाद लोकसभा ने गुरुवार को तथा राज्यसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित कर दिया। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में मतदान किया, जिसके बाद इसे पारित कर दिया गया। लोकसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन, जबकि 232 ने विरोध किया।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार का वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करना सत्ता के प्रति उनकी लाचारी और राजनीतिक पाखंड को दशार्ता है। सपकाल ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक मुस्लिम समुदाय को डराने और हजारों एकड़ जमीन हड़पने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की चाल है।

### अजित पवार ने वक्फ का किया समर्थन

इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों (मुसलमानों द्वारा धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थायी रूप से दान की गई संपत्ति) के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान शामिल हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने संसद में विधेयक का समर्थन किया।

सपकाल ने संवाददाताओं से कहा, ''अजित पवार का वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करना सत्ता के प्रति उनकी लाचारी का संकेत है। उनका धर्मनिरपेक्ष मुखौटा उजागर हो चुका है और उन्होंने मुस्लिम समुदाय के साथ विश्वासघात किया है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार में शामिल होने के बाद अजित पवार और उनकी राकांपा ने दावा किया था कि उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की विरासत को नहीं छोड़ा है, लेकिन अब उनका असली चेहरा सामने आ चुका है। सपकाल ने उपमुख्यमंत्री पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नीत सरकार के वक्फ विधेयक का समर्थन करके अजित पवार ने सत्ता के लिए पूरी तरह भाजपा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

## नागपुर में रामनवमी के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी...

**नागपुर :** नागपुर में राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति श्री पोद्दारेश्वर राम मंदिर की ओर से रविवार यानी 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। ऐसे में शहर पुलिस (ट्रैफिक) उपायुक्त कार्यालय ने शोभायात्रा और यातायात की सुगमता के लिए कुछ जगहों पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है।

## जनविकास सेना ने चंद्रपुर मनपा आयुक्त की कार पर फेंके जाली नोट

**चंद्रपुर :** चंद्रपुर में करोड़ों की लागत की योजनाएं विफल होने के बाद उसी काम की पुनः करोड़ों की योजनाएं मंजूर कर शहर को कथित रूप से बदहाली के नर्क में धकेले जाने का आरोप लगाते हुए जनविकास सेना ने मनपा आयुक्त के कार पर जाली नोटों के बंडल फेंके और विरोध प्रदर्शन किया।

## नागपुर में 'इश्क विश्क प्यार व्यार' म्यूजिकल कार्यक्रम आज

नागपुर : नागपुर के लक्ष्मीनगर स्थित साइंटिफिक ऑडिटोरियम में सप्तध्वनि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 'इश्क विश्क प्यार व्यार' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# मुंबई : रायगढ़ जिले के महाड तालुका के 'घावरेकोंड' गांव का नाम बदलकर 'श्रीराम नगर' रखा जाए; सुनील तटकरे की मांग




**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने मांग की है कि रायगढ़ जिले के महाड तालुका के 'घावरेकोंड' गांव का नाम बदलकर 'श्रीराम नगर' रखा जाए. उन्होंने कहा कि गांव वालों की भावनाओं का समझते हुए इसके नाम में बदलाव किया जाए.

इसको लेकर सुनील तटकरे ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ''गृह मंत्री अमित शाह को मैंने आज महाराष्ट्र सरकार द्वारा मेरे लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ जिले के महाड तालुका में स्थित 'घावरेकोंड' गांव का नाम बदलकर 'श्रीराम नगर' करने के प्रस्ताव के संबंध में पत्र दिया है. मैंने अमित शाह से जी से कहा है कि राज्य सरकार ने प्रस्ताव पर सावधानीपूर्वक विचार किया है और मांग की है कि ग्रामीणों के स्थानीय गौरव एवं भाषाई भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, साथ ही स्थानीय लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के परिप्रेक्ष्य में इस नाम परिवर्तन को मंजूरी दी जाए.''

उन्होंने आगे लिखा, ''रायगढ़ जिले या उसके आसपास के इलाकों में 'श्रीराम नगर' नाम का कोई दूसरा गांव नहीं है. इसके अलावा, इस नाम परिवर्तन पर ग्रामीणों द्वारा कोई आपत्ति नहीं जताई गई है. स्थानीय लोगों की प्रबल भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैं भी ग्रामीणों की इस मांग का पूर्ण समर्थन करता हूं और केंद्रीय गृह मंत्रालय से विनम्र अनुरोध करता हूं कि इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दें.''

# मुंबई : 18.92 करोड़ रुपये मूल्य के 21.28 किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में दो विदेशि गिरफ्तार



**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू की है कि क्या अज्ञात सरकारी अधिकारियों ने हाल ही में पकड़े गए दो कथित सोना तस्करों के साथ मिलीभगत की है। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई ने 6 मार्च को मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों (ओमानी और यूएई के नागरिक) को 18.92 करोड़ रुपये मूल्य के 21.28 किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। डीआरआई ने कहा था कि दुबई से आए दोनों लोगों द्वारा पहनी गई कस्टमाइज्ड कमर बेल्ट के अंदर विदेशी चिह्न वाले सोने की छड़ें उनकी शर्ट के नीचे छिपी हुई पाई गईं। आगे की जांच में पता चला कि वे दोनों पहले भी कई बार मुंबई हवाई अड्डे पर आ चुके हैं।

डीआरआई ने सीबीआई के साथ अपने संचार में कहा, ''अज्ञात लोक सेवकों की संलिप्तता की संभावना की जांच की जानी चाहिए।'' पूर्व ने आगे कहा कि दुबई से यात्रा करने वाले यात्रियों की संलिप्तता, इन यात्राओं की उच्च आवृत्ति और बड़ी मात्रा में सोने की तस्करी समन्वित तस्करी सिंडिकेट के साथ संभावित सांठगांठ की ओर इशारा करती है। एजेंसी को संदेह है कि यह नेटवर्क संभवतः दुबई, संयुक्त अरब अमीरात से संचालित हो रहा है। डीआरआई की शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत आपराधिक साजिश और सरकारी कर्मचारी को रिश्वत देने से संबंधित अपराध के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# मुंबई: गर्भवती महिला की मौत के बाद जांच के लिए समिति के गठन की घोषणा...



**मुंबई:** पुणे के एक अस्पताल में सात महीने की गर्भवती महिला की मौत पर लोगों के आक्रोश के बाद, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना की जांच के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की। तनिषा भिसे (30) की पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती होने से इनकार कर दिया गया क्योंकि उसका परिवार भर्ती प्रक्रिया के दौरान 10 लाख रुपये का भुगतान करने में विफल रहा। जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद वह दूसरे अस्पताल में चली गई। तनिषा भाजपा एमएलसी अमित गोरखे के सहायक सुशांत भिसे की पत्नी थीं। एक वीडियो संदेश में, भाजपा नेता गोरखे ने दावा किया कि दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के अधिकारियों ने 10 लाख रुपये की अग्रिम जमा राशि का भुगतान न करने के कारण तनिषा को भर्ती करने से इनकार कर दिया। अलंकार पुलिस स्टेशन में अस्पताल के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।

भिसे ने कहा कि उन्होंने अस्पताल से उनकी पत्नी को भर्ती करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि की मांग की।' उन्होंने कहा कि मंत्रालय के कुछ वरिष्ठ लोगों के फोन करने के बावजूद अस्पताल के अधिकारियों ने झुकने से इनकार कर दिया। गुस्साए नागरिक अस्पताल के बाहर जमा हो गए और अस्पताल के अधिकारियों पर सिक्के फेंके, जिन्होंने आरोपों से इनकार किया। उन्होंने दावा किया कि मरीज भर्ती होने के लिए देर से आया था, और चूंकि यह एक जटिल मामला था, इसलिए उन्हें जमा राशि की आवश्यकता थी।

घटना का संज्ञान लेते हुए, मुख्यमंत्री फडणवीस ने पुणे के अतिरिक्त धर्मार्थ आयुक्त की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने भी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुणे नगर निगम (पीएमसी) के स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने कहा, ''किसी भी मातृ मृत्यु को अस्वीकार्य माना जाएगा, और हमने निष्पक्ष और विस्तृत जांच शुरू कर दी है।'' उन्होंने कहा कि अस्पताल धर्मार्थ आयुक्त के अधीन पंजीकृत है।

# ठाणे शहर में कुल 130 अवैध नल कनेक्शन काटे...



**ठाणे :** नगर निगम (टीएमसी) ने शहर भर में आवासीय और वाणिज्यिक सहित अवैध नल कनेक्शनों को काटने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है और शहर में कुल 130 अवैध नल कनेक्शन काटे। टीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि अभियान के पहले दिन कुल 44 नल कनेक्शन काटे गए, दूसरे दिन कुल 29 नल कनेक्शन काटे गए और तीसरे दिन (शुक्रवार) कुल 57 नल कनेक्शन काटे गए, साथ ही दिवा-मुंब्रा में दो अनधिकृत आरओ परियोजनाओं और पांच टंकियों को तोड़ा गया।

टीएमसी अधिकारियों के अनुसार, जल विभाग ने कथित तौर पर अवैध तरीके से नल जोड़ने वाले जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। एक अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान पता चला कि चार अवैध वाणिज्यिक नल कनेक्शन और 15 अवैध तरीके से आवासीय नल कनेक्शन थे। इसके बाद कल्याण फाटा और वाई जंक्शन क्षेत्र के बीच उन्हें काट दिया गया। वाई जंक्शन से मुंब्रा क्षेत्र में कुल 34 अवैध नल कनेक्शन काटे गए, चार अवैध नल कनेक्शन, एक अनधिकृत टैंकर फिलिंग स्टेशन और अगासन गांव में दो आरओ प्रोजेक्ट को ध्वस्त किया गया। दो पंप जब्त किए गए, पांच पीवी टैंक काटे गए और एक ईंट टैंक संरचना को ध्वस्त किया गया, उपनगरीय इंजीनियर विनोद पवार ने बताया।

# परिवहन विभाग को महाराष्ट्र भर में अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश...




**मुंबई :** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने परिवहन विभाग को महाराष्ट्र भर में अपनी संपत्तियों (भूमि) से अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को परिवहन आयुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरनाईक ने विभागीय स्वामित्व का दावा करने के लिए बाड़ लगाकर और साइनबोर्ड लगाकर सरकारी स्वामित्व वाली भूमि की रक्षा करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक में परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्री सरनाईक ने बताया कि परिवहन विभाग की कई भूमि पर वर्षों से अनधिकृत कब्जा है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को विस्तृत सर्वेक्षण करने, अतिक्रमित भूमि को पुनः प्राप्त करने, चारदीवारी बनाने और भविष्य में अतिक्रमण को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने का निर्देश दिया। सरनाईक ने कहा, ''विभाग को अपनी भूमि को पुनः प्राप्त करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसका उचित रूप से सीमांकन और संरक्षण किया जाए।'' उन्होंने कहा कि नाम बोर्ड लगाने और सख्त निगरानी तंत्र लागू करने से सरकारी संपत्ति की सुरक्षा और जवाबदेही बनाए रखने में मदद मिलेगी। समीक्षा बैठक में कई प्रशासनिक सुधारों पर भी चर्चा हुई। प्रमुख विषयों में अधिकारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन, गैर-कार्यकारी पदों का सृजन, विशेष प्रवर्तन दस्ते से नियमित रिपोर्टिंग, मोटर वाहन अधिकारियों के कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना, कानूनी सलाहकारों की नियुक्ति और विभागीय राजस्व बढ़ाने की रणनीतियां शामिल थीं।

# मुंबई : अधिवक्ता गुणरत्न सदावर्ते ने मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई



**मुंबई :** अधिवक्ता गुणरत्न सदावर्ते ने आज मुंबई पुलिस के विशेष आयुक्त देवेन भारती से मुलाकात कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) कार्यकर्ताओं की हरकतों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं पर दुर्व्यवहार और धमकी देने का आरोप लगाया। अधिवक्ता सदावर्ते ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मनसे कार्यकर्ताओं के आक्रामक व्यवहार पर चिंता जताई है। कथित तौर पर भाषा के मुद्दे पर नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष पुलिस अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मामले को सुलझाने के लिए कल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक बैठक होगी।

''अधिकारियों ने कहा है कि कल से इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि, इन हमलों के कई पीड़ित आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, जो भी चिंता का विषय है,'' सदावर्ते ने कहा। इसके अलावा उन्होंने मनसे प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में भी इसी तरह की घटनाएं हुई थीं। पुलिस अधिकारियों ने अधिवक्ता सदावर्ते से कथित तौर पर कहा, ''जो कोई भी गैरकानूनी कामों में शामिल है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।''

# मुंबई: आरोपी से दो देसी आग्नेयास्त्र और आठ जिंदा कारतूस जब्त



**मुंबई:** जोन 6 की एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल टीम ने एक आरोपी से दो देसी आग्नेयास्त्र और आठ जिंदा कारतूस जब्त किए, जो कथित तौर पर आरसीएफ पुलिस क्षेत्राधिकार में अवैध हथियार बेचने का प्रयास कर रहा था। एक गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) मैत्रानंद खंडारे और उनकी टीम को पता चला कि एक व्यक्ति आग्नेयास्त्र बेचने के लिए आरसीएफ पुलिस स्टेशन की सीमा में आ रहा है। आरसीएफ पुलिस की आतंकवाद निरोधक इकाई के समन्वय में, 3 अप्रैल को लगभग 9:35 बजे जीजामाता जंक्शन, माहुल रोड, चेंबूर के पास एक जाल बिछाया गया। ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के शिरसा पोस्ट के स्टोली गांव के निवासी अंगत सिंह श्रीगुण गोपाल जाधव (29) को पकड़ लिया।

# इगतपुरी : पेड़ से लटकी लाश की जांच करने पहुंचे पुलिसवालों पर ही हमला... 50 से 60 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**इगतपुरी :** महाराष्ट्र के नासिक से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पेड़ से लटकी लाश की जांच करने पहुंचे पुलिसवालों पर ही हमला कर दिया गया है। ये पूरी घटना इगतपुरी इलाके से सामने आई है जहां पर पुलिस के साथ भीड़ ने बुरी तरह से मारपीट की है। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें लोगों को बीच सड़क पुलिसकर्मियों की पिटाई करते हुए देखा जा सकता है। आइए जानते हैं इस घटना के बारे में सबकुछ।

मिली जानकारी के मुताबिक, नासिक जिले के इगतपुरी में पुलिसकर्मियों को भीड़ ने मारा पीटा, पुलिस थाने के कृष्णा गोडसे और रामदास वाघ के कपड़े फाड़ दिए गए। 31 मार्च को वे एक पेड़ से लटकते हुए शव की जांच करने गए थे। इगतपुरी पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने बताया कि पुलिस ने आत्महत्या का दावा किया था, जिससे आदिवासी समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया। आदिवासी समुदाय ने बताया है कि यह घटना चार दिन पहले हुई थी और पुलिस ने इसे एक छोटी सी घटना मानते हुए इसकी जांच नहीं की।

इगतपुरी के पास पेड़ से लटकी लाश की जांच करने पहुंची पुलिस टीम के साथ गांव के लोगों द्वारा की गई मारपीट का वीडियो सामने आया है। पुलिस की जांच से नाखुश लोगों ने बीच सड़क पुलिसकर्मियों की पिटाई कर दी। इस घटना से जुड़े आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की 9 धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई : वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025

## कई मुस्लिम का विरोध तो कुछ इसके समर्थन में...




**मुंबई** : संसद के दोनों सदनों से वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पारित हो गया है. कई मुस्लिम विधायक विधेयक का विरोध तो कुछ इसके समर्थन में हैं. इस मामले पर महाराष्ट्र के मुंबई के रहने वाले मोहम्मद सईद नूरी ने बताया कि संसद के दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पारित हुआ. यह पूरी तरह से इस्लाम और मुसलमानों के हक में बेहतर नहीं है. सरकार की यह अपनी सोच है, जिसपर वो कह रहे हैं कि यह बिल अच्छा और मुसलमानों के लिए बेहतर है. कई मुस्लिम समुदाय के लोगों और संगठन की तरफ से विधेयक का समर्थन करने पर नूरी ने कहा, ''सुन्नी मुसलमान इसके जिम्मेदार हैं. बाकी कोई भी अगर इसका समर्थन करेगा, तो इस्लाम के संदर्भ में इसे अच्छा नहीं देखा जाएगा. सुन्नी उलमा जो बयान देंगे, वही सही माना जाएगा.''

तमाम राजनीतिक पार्टियों के बिल का विरोध करने को लेकर उन्होंने कहा, ''मुसलमान ने उन्हें अपना वोट दिया, लिहाजा वो अपना हक अदा कर रहे हैं. सभी समझते हैं कि हुकुमत जो कर रही है, वो गलत कर रही है. कानून के दायरे में रहते हुए हम इस विधेयक का विरोध करेंगे.'' वहीं मुहम्मद जुबैर बरकती ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का विरोध करते हुए इसे मुसलमानों के हितों के खिलाफ बताया. उन्होंने विधेयक के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही. दरअसल,विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को संसद के दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई. लोकसभा के बाद गुरुवार को संसद के उच्च सदन राज्यसभा में विधेयक को पेश किया गया है. यहां पर भी वक्फ (संशोधन) विधेयक पर करीब 11 घंटे तक चर्चा हुई और देर रात करीब 2.30 बजे सदन सदस्यों की वोटिंग के बाद विधेयक को पारित करा लिया गया है. राज्यसभा में विधेयक के पक्ष में 128 और तो विरोध में 95 मत पड़े.

# मुंबई: मीम से नाराज पांच लोगों ने 25 वर्षीय व्यक्ति पर धारदार हथियार से कर दिया हमला




**मुंबई:** सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक मीम से नाराज होकर गोरेगांव में पांच लोगों ने एक 25 वर्षीय व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पीड़ित नौमान नूर मोहम्मद ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक रील पोस्ट की, जिसमें दो लोगों को एक कुत्ते के साथ नाचते हुए दिखाया गया था। ठाकुर ने कथित तौर पर मीम में स्थानीय निवासियों के नाम का इस्तेमाल किया, जिससे इलाके के कुछ लोगों को ठेस पहुंची और हिंसक हमला हुआ।

ठाकुर, जो अपने परिवार के साथ ईद-उल-फितर मनाने के लिए दुबई से आया था, सोमवार को हुए हमले में कई चोटों से घायल हो गया। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने पीड़ित पर वार करने के लिए धारदार हथियार का इस्तेमाल किया। ठाकुर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हमले में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली है और बीएनएस की धारा 118(1), 74, 115(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हमलावरों की पहचान वसीम शेख, इमरान, तनवीर खान और फारुख खान के रूप में हुई है, जो एक ही इलाके के रहने वाले हैं।

गोरेगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक सागर शिवालकर ने कहा, ''हमने वसीम शेख को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी लोगों की तलाश कर रहे हैं।'' ठाकुर ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने हमले के दौरान 8000 दिरहम (लगभग 1.86 लाख रुपये) और एक महंगी घड़ी भी चुरा ली, लेकिन इसका उल्लेख एफआईआर में नहीं किया गया। उन्होंने कहा, ''पुलिस ने अभी तक हत्या के प्रयास के आरोप नहीं जोड़े हैं।''

# मुंबई: 19 नागरिक वार्डों में पिछले एक दशक में आवारा कुत्तों की संख्या में 31.6% की गिरावट आई



**मुंबई:** बीएमसी द्वारा 'मेन सोसाइटी इंटरनेशनल/इंडिया (एचएसआई) के सहयोग से हाल ही में किए गए आवारा कुत्तों के सर्वेक्षण से पता चला है कि पिछले एक दशक में आवारा कुत्तों की आबादी में 95,172 से 90,757 तक की गिरावट आई है। उल्लेखनीय रूप से, 19 नागरिक वार्डों में कुत्तों की संख्या में 31.6% की गिरावट आई है। हालांकि, चार वार्डों- ई-बाइकुला, एन-घाटकोपर, आर साउथ-कांदिवली और टी-मुलुंड में कुत्तों की संख्या में 19.9% की वृद्धि हुई है। इस बीच, डी-पेडर रोड और मालाबार हिल में घनत्व अपरिवर्तित रहा, जो विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रुझानों को दर्शाता है।

2024 की जनगणना, मुंबई में आवारा कुत्तों की आबादी, वितरण और स्वास्थ्य स्थिति पर सटीक डेटा एकत्र करने के लिए आयोजित की गई। यह बीएमसी को जनसंख्या नियंत्रण और पशु कल्याण के लिए लक्षित रणनीति विकसित करने में सहायता करेगी। गुरुवार को बीएमसी मुख्यालय में डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर चंदा जाधव द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले एक दशक में आवारा कुत्तों की संख्या में आई कमी का श्रेय नसबंदी प्रयासों की सफलता को दिया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य कमी के बावजूद, चार वार्डों में कुत्तों की संख्या में वृद्धि बाहर से कुत्तों के पलायन के कारण हो सकती है।

# मुंबई: 'डंकी रूट'; क्राइम ब्रांच ने एयरपोर्ट में प्रवेश करने से लेकर फ्लाइट में चढ़ने तक की पूरी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया...



**मुंबई:** 30 से 60 लाख के 'डंकी रूट' इमिग्रेशन घोटाले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मुंबई क्राइम ब्रांच ने बुधवार को गिरफ्तार आरोपियों को क्राइम सीन को फिर से बनाने के लिए एयरपोर्ट ले गई। सूत्रों के अनुसार, क्राइम ब्रांच ने एयरपोर्ट में प्रवेश करने से लेकर फ्लाइट में चढ़ने तक की पूरी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। जांच में पता चला कि कनाडा में अवैध रूप से अप्रवास करने वाले व्यक्ति एजेंटों से संपर्क करते थे और ₹30 लाख से ₹60 लाख के बीच सौदा करते थे। एजेंट, बदले में, कनाडा में अपने समकक्षों के साथ समन्वय करते थे, जिन्होंने वैध वीजा (कम से कम छह महीने की वैधता) वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों की पहचान की। फिर पासपोर्ट की नीलामी की गई, और सबसे अधिक बोली लगाने वाले को कनाडाई वीजा वाला पासपोर्ट मिला। पासपोर्ट को भारत वापस कूरियर किया गया, जहाँ मूल धारक की तस्वीर को सावधानीपूर्वक अवैध अप्रवासी की तस्वीर से बदल दिया गया - जिसे ''फोटो चेंज (पीसी) पासपोर्ट'' के रूप में जाना जाता है। इसके बाद एजेंटों ने आप्रवासियों को दो अलग-अलग लिफाफों का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया - एक में नकली पासपोर्ट, वीजा और टिकट था, तथा दूसरे में असली पीसी पासपोर्ट, वीजा और टिकट था।

# मुंबई: 20 वर्षीय व्यक्ति पर नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज



**मुंबई:** एक भयावह घटना में, 20 वर्षीय व्यक्ति पर कुर्ला ईस्ट रेलवे स्टेशन के पास 7 वर्षीय बच्चे के साथ बलात्कार करने और उसकी हत्या करने का मामला दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार को हुई। चूनाभट्टी पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सलमान आलम अनाथ-उल-हक को गिरफ्तार किया, जो एक गोदाम कर्मचारी है और भिवंडी का निवासी है। घटना तब हुई जब आरोपी पीड़िता को कब्रिस्तान के पास सुनसान जगह पर ले गया, जहाँ उसने नाबालिग के साथ बलात्कार किया। जब पीड़ित ने चीखना शुरू किया, तो आरोपी ने उसका सिर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि आरोपी ने लड़के को कुर्ला ईस्ट रेलवे स्टेशन के पास के इलाके में देखा और उसे चॉकलेट और अन्य खाद्य पदार्थों का लालच दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी एक दोस्त से मिलने कुर्ला में था। स्थानीय निवासियों ने मंगलवार शाम को कुर्ला ईस्ट रेलवे स्टेशन के पास शव को देखने के बाद पुलिस को सूचित किया। चूनाभट्टी पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद बलात्कार, हत्या और अपहरण का मामला दर्ज किया।

# फिल्मी स्टाइल में 21.70 लाख रुपये के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट चुरा लिए...

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है. चोरों ने फिल्मी स्टाइल में एक कॉस्मेटिक गोदाम की दीवार में बड़ा छेद कर अंदर घुसपैठ की और महंगे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट चुरा लिए. चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 21.70 लाख रुपये बताई जा रही है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह घटना भिवंडी के पुरना इलाके में स्थित एक गोदाम में घटी. पुलिस के अनुसार, चोरों ने गोदाम की दीवार में एक बड़ा सुराख कर दिया और अंदर दाखिल होकर महंगे कॉस्मेटिक उत्पाद पार कर दिए.

# गलत तरीके से सलाद खाने से क्यों रुक सकता है वेट लॉस? जानिए यहां

आज के समय में जब अधिकतर लोग अपना वजन कम करने की फिराक में हैं तो ऐसे में वे सबसे पहले अपनी डाइट में बदलाव करते हैं। अमूमन यह माना जाता है कि वेट लॉस करने का सबसे अच्छा तरीका है डाइट में सलाद को शामिल करना। सलाद ना केवल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, बल्कि इसमें कैलोरी भी कम होती है। इसलिए आप बेहद आसानी से अपने कैलोरी काउंट को बनाए रख सकती हैं। हालांकि, कई बार ऐसा भी होता है कि आप लगातार सलाद को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, लेकिन फिर भी वजन कम नहीं होता है। बहुत से लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है कि वजन कम करने के लिए सलाद खाने का भी एक तरीका होता है। अगर आप गलत तरीके से सलाद का सेवन करते हैं तो इससे आपको वजन कम करने में समस्या का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि किस तरह गलत तरीके से सलाद खाने से आपकी वेट लॉस जर्नी पर ब्रेक लग सकता है-





वेट लॉस के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट में प्रोटीन को पर्याप्त मात्रा में शामिल करें। प्रोटीन को पचाने के लिए आपके शरीर को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे आप अधिक तेजी से फैट बर्न करते हैं। साथ ही साथ, प्रोटीन आपको लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे वेट लॉस करना आसान होता है। लेकिन अगर आपका सलाद सिर्फ. सब्जियों से भरा है, तो शायद आपको जल्द ही भूख लगेगी और आप बेवजह स्नैकिंग करेंगे। इसलिए अपने सलाद में ग्रिल्ड चिकन, उबले अंडे, टोफू, छोले या पनीर जैसे लीन प्रोटीन



को शामिल करने का विचार बनाएं। अगर आप अपने सलाद में सिर्फ. लेट्यूस, खीरा और टमाटर को शामिल करते हैं तो हो सकता है कि आपको पर्याप्त फाइबर या हेल्दी फैट्स ना मिल रहे हैं। जब सलाद में फाइबर की कमी होती है तो इससे आपके पाचन पर विपरीत असर पड़ता है और आपको बार-बार भूख लगती है। इसलिए, गुड फैट्स और फाइबर के लिए आप बीन्स, स्प्राउट्स, नट्स, सीड्स, एवोकाडो या एक चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। भले ही आप सलाद खा रहे हैं, लेकिन अगर उसे सही तरह से चबाकर नहीं खाते हैं तो इससे आपके लिए वजन कम करना काफी मुश्किल हो सकता है। दरअसल, जब आप सलाद को जल्दी-जल्दी खाते हैं, तो आपका शरीर इसे ठीक से पचा नहीं पाता है और आप सभी पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर पाते हैं।

# वर्कप्लेस पर अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए ये प्रिंटेड साड़ी हो सकती हैं बेस्ट ऑप्शन,

साड़ी एवरग्रीन फैशन है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप ऑफिस में साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की प्रिंटेड साड़ी अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।



हर महिला को साड़ी पहनने का शौक होता है और इस शौक को पूरा करने के लिए महिलाएं अलग-अलग डिजाइन वाली साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं। साड़ी आपको आसानी से कई सारे कलर और डिजाइनऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप ऑफिस में साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो आप प्रिंटेड साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली प्रिंटेड साड़ी दिखा रहे हैं जो आप वर्कप्लेस पर पहन सकती हैं। यह साड़ी अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक बेहद ही सुंदर नजर आएगा। ऑफिस में अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए आप तस्वीर में नजर आने वाली साड़ी स्टाइल कर सकती हैं।

इस तरह की साड़ी में आप लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आता है। इस साड़ी को आप कई सारे पैटर्न और कलरऑप्शन के साथ खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं ऑफिस के इवेंट में भी आप इस तरह की साड़ी स्टाइल कर सकती हैं इस साड़ी में आप 800 से 900 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी और इस साड़ी के साथ आप पर्ल वर्क वाले झुमके स्टाइल कर सकती हैं। प्रिंटेड में आप इस तरह की बीड्स और स्टोन वर्क वाली प्रिंटेड साड़ी भी ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इस प्रिंटेड साड़ी में बेहद ही खूबसूरत बीड्स और स्टोन वर्क किया है और अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए ये साड़ी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की साड़ी आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ हाफ स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये साड़ी आपको 1,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती



हैं।अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए आप इस तरह की कॉटन साड़ी का भी चुनाव कर सकती हैं। इस कॉटन साड़ी में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है और इस साड़ी को आप कई सारे डिजाइन आप्शन के साथ 700 से 800 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस साड़ी को आप स्ट्रेप वाले ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं और साथ ही, इस साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आने के लिए आप लॉन्ग इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।



न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह की प्रिंटेड बंधानी साड़ी का भी चुनाव कर सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा।

# नेगेटिव एनर्जी को घर से दूर रखने के लिए मुख्य द्वार पर करें नमक का एक छोटा सा उपाय



वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार, किसी भी घर का मुख्य द्वार सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश का मुख्य स्रोत माना जाता है। यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है, तो यह पारिवारिक शांति, आर्थिक स्थिति और सुख-समृद्धि पर बुरा असर डाल सकता है। कई बार लोग अनजाने में ऐसी ऊर्जा को आमंत्रित कर लेते हैं, जिससे घर में कलह, मानसिक अशांति और आर्थिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसे रोकने के लिए प्राचीन ग्रंथों में नमक के उपाय को अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। नमक न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोगी होता है, बल्कि यह एक शक्तिशाली ऊर्जा शुद्धिकरण तत्व भी होता है। इसे घर के मुख्य द्वार पर सही तरीके से रखने से नकारात्मक शक्तियां घर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।यदि आपके घर में बिना कारण तनाव, झगड़े, मानसिक तनाव या धन हानि जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो यह छोटा सा नमक उपाय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुख्य द्वार पर नमक का प्रयोग किस तरह करें ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। आइए



सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें नमक के एक आसान उपाय के बारे में जिससे आपके घर के भीतर आने वाली नेगेटिव एनर्जी को रोक सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, किसी भी घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा उसके निवासियों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। मुख्य द्वार घर का ऐसा स्थान होता है, जहां से न केवल लोग, बल्कि ऊर्जा भी भीतर प्रवेश करती है। यदि यह ऊर्जा सकारात्मक होती है, तो घर में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। घर के सदस्यों के बीच मधुर संबंध होते हैं, मानसिक तनाव कम होता है, और आर्थिक रूप से भी तरक्की के योग बनते हैं। इसके विपरीत, यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश अधिक हो, तो यह कई प्रकार की समस्याओं को जन्म दे सकता है। परिवार के सदस्यों में अक्सर



विवाद होने लगते हैं, मानसिक अशांति बढ़ जाती है और आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। कई बार व्यक्ति कड़ी मेहनत करने के बावजूद धन संचित नहीं कर पाता या अनावश्यक खर्चों में फंस जाता है। इसके अलावा, नकारात्मक ऊर्जा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी जन्म दे सकती है। वास्तु शास्त्र में नमक को एक शक्तिशाली शुद्धिकरण तत्व माना गया है, जो न केवल नकारात्मक ऊर्जा को सोखने में सक्षम होता है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को भी बढ़ाता है। इसी कारण प्राचीन काल से ही घर की सफाई में नमक के पानी का उपयोग किया जाता रहा है। अगर आपके घर में बार-बार कलह, आर्थिक तंगी या मानसिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, तो हो सकता है कि वहां नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव हो। इस स्थिति से बचने के लिए मुख्य द्वार पर एक सरल और प्रभावी उपाय किया जा सकता है।

# भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ी, हंगामा, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर प्रदर्शन

**लालसोट**

दौसा में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इसको लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया। घटनास्थल पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। हालात को देखते हुए मौके पर 3 थानों की पुलिस और आरएसी (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को तैनात किया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा कस्बे में बस स्टैंड पर हुई। थाना इंचार्ज रामशरण गुर्जर ने बताया- 3 साल पहले बस स्टैंड पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। काले पत्थर से बनी प्रतिमा के हाथ में तीर था। इसके पिछले सिरे को गुरुवार रात अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया। पिछला हिस्सा मौके पर ही पड़ा मिला। रात में पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। स्थानीय लोगों ने रामगढ़ पचवारा थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना इंचार्ज ने बताया- बिरसा मुंडा की मूर्ति को खंडित करने पर स्थानीय लोग बस स्टैंड पर जुटने लगे और नारेबाजी करने लगे। कुछ लोग



मूर्ति के पास ही बस स्टैंड पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी की। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में रामगढ़ पचवारा नगरपालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक समेत कई लोग मौके पर जुट गए। हालात को देखते हुए रामगढ़ पचवारा, लालसोट और मंडावरी थानों की पुलिस और (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को मौके पर तैनात कर दिया गया। तहसीलदार मदनलाल मीणा धरनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाया। बता दें कि 2022 में कुछ अज्ञात लोगों ने बिना अनुमति यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर और बिरसा मुंडा की प्रतिमाएं स्थापित कर दी थीं। तब तत्कालीन मनीष अग्रवाल ने रामगढ़ पचवारा थाना के 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। तब से दोनों प्रतिमाएं यहां लगी हुई हैं।

# मस्जिद में किसने लगाई आग पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 3 को पकड़ा, लोगों में आक्रोश

**बाड़मेर**

बाड़मेर जिले के बीजराड़ गांव में मस्जिद में आग लगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1 व्यक्ति को गिरफ्तार और 2 नाबालिगों को निरुद्ध किया है. घटना बुधवार देर रात की है, तब गांव की बस्ती से दूर स्थित एक मस्जिद में आग लग गई थी. पास के घरों के ग्रामीणों ने धुआं निकलते देखा और मस्जिद पहुंचकर आग पर काबू पाया. मस्जिद में रखे धार्मिक ग्रंथ कुरान को जलाए जाने की बात सामने आई. इसके बाद ग्रामीणों ने इसे साजिश करार दिया.

## मुस्लिम समुदाय में आक्रोश, पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद के बाहर एकत्र हो गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीणा गुरुवार तड़के बीजराड़ पहुंचे. उन्होंने आक्रोशित लोगों को शांति बनाए रखने की समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया. एसपी ने पूरे दिन बीजराड़ थाने में कैंप किया. पुलिस ने हर गतिविधि पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया.



## फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, तकनीकी आधार पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए. शुरुआत में एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया, लेकिन उसकी भूमिका साबित न होने पर उसे छोड़ दिया गया. शाम तक पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर मुख्य आरोपी बीजराड़ निवासी मुकेश पुत्र मूलाराम मेघवाल को हिरासत में लिया. पूछताछ में दो नाबालिगों के शामिल होने की जानकारी मिली, जिसके बाद दोनों को निरुद्ध कर लिया गया. इस कार्रवाई के बाद मस्जिद के बाहर एकत्रित मुस्लिम समुदाय शांत हुआ.

# संक्षिप्त समाचार

## होमियोपैथी के विकास के लिए दौड़ेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** विश्व होमियोपैथिक दिवस (10 अप्रैल) का आगाज आगामी 6 अप्रैल को रन फॉर होमियोपैथी कार्यक्रम के जरिए किया जाएगा। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में होमियोपैथी के चिकित्सक, पेशेवर धावक, भारतीय सेना, पैरामिलिट्री तथा होमियोपैथिक प्रशंसकों के भाग लेने की संभावना है। रन फॉर होमियोपैथी के संयोजक एवं सिपैथी इंस्टिट्यूट ऑफ होमियोपैथिक फार्मेसी के निदेशक डॉ. आर कांत ने बताया की दो वर्ग (2 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर)के इस दौड़ में देश के चुनिंदा लगभग 2 हजार धावक भाग ले रहे हैं। इसमें दिल्ली के अलावा अन्य प्रदेशों से आए भागीदारों तथा कुछ विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। होमियोपैथी के संस्थापक डॉ सैमुएल हैनीमैन की 270 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित यह दौड़ अपने आप में देश का चौथा बड़ा आयोजन है। आयोजन समिति के संयोजक डॉ आर कांत ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डा.पंकज कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अन्य अतिथियों में दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी व जानेमाले लोगों के हिस्सा लेने की संभावना है

## देपालसर स्टेशन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

**नई दिल्ली।** सुगम रेल संचालन व यात्रियों की सुविधा के लिए बीकानेर–सादुलपुर रेलखंड के मध्य किए जा रहे दोहरीकरण कार्य के कारण रेलसेवाएं देपालसर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी बीकानेर–सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य स्थित मोलीसर–चूरू स्टेशनों के मध्य देपालसर स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण निम्न रेल सेवाएं देपालसर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

## बनिहाल–बडगाम के बीच चलेगी स्पेशल रेल

**नई दिल्ली।** रेलयात्रियो की सुविधा के रेलवे ने बडगाम–बनिहाल के बीच स्पेशल रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। 04688 स्पेशल रेलगाड़ी 04.04.2025से 03.06.2025 तक प्रति दिनबडगाम से सुबह 08.35बजे प्रस्थान कर यात्रा के उसी दिन सुबह10.40बजे बनिहाल पहुंचगी

## प्रोफेसर आरके शर्मा को अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के पूर्व प्रोफ़ेसर और ग्रीन केमिस्ट्री नेटवर्क सेंटर( भारत) के संयोजक राकेश कुमार शर्मा को रसायन क्षेत्र में उनकी उपलब्धि को लेकर पिट्सबर्ग की एक अंतरराष्ट्रीय सस्था द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें सस्टेनेबल डेवलपमेंट ग्रीन केमिस्ट्री इंस्टीट्यूट, पिट्सबर्ग में 2025 ग्रीन केमिस्ट्री और इंजीनियरिंग सम्मेलन के लिए सस्टेनेबल फ्यूचर ट्रैवल ग्रांट विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट ग्रीन केमिस्ट्री इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रोफेसर एडेलिना वाउचकोवा ने एक पत्र के माध्यम से ग्रीन केमिस्ट्री के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और प्रयासों को लेकर प्रोफेसर शर्मा की सराहना की।

# सड़क हादसे में घायल पुलिसकर्मियों को ले जा रही थी एम्बुलेंस, दीवार से जा भिड़ी

**जोधपुर**

जोधपुर में एएसपी समेत 4 घायल पुलिसकर्मियों को लेकर आई एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ गई। बालोतरा में शुक्रवार सुबह 11.15 बजे नेशनल हाईवे-25 पर पुलिसकर्मियों की गाड़ी क्रेटा कार से टकरा गई थी। इसमें ASP, ASI समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घायल पुलिसकर्मियों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर आए थे। एंबुलेंस के टकराने से हॉस्पिटल में खड़े एडिशनल एसपी भी घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस में बैठा अटेंडेंट उछलकर गिरा। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- बायतु थाना इलाके के बनिया संधा धोरा के पास हुए सड़क हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों को पहले बायतु हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से सभी को जोधपुर रेफर किया गया। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से बनाकर दोपहर करीब 1.40 बजे जोधपुर लाया गया। एमडीएम हॉस्पिटल में तेज रफ्तार में आई एंबुलेंस को ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया। इससे एंबुलेंस ट्रॉमा वार्ड की दीवार से भिड़ गई। घायलों को रिसीव करने पहुंचे जोधपुर ग्रामीण के एडिशनल एएसपी भोपालसिंह को मामूली चोटें आई हैं। दीवार पर लगी रेलिंग और कांच टूट गए। एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस की कार (महिंद्रा टीयूवी) में जोधपुर रेंज आईजी कार्यालय में पोस्टेड अरविंद विश्नोई पुत्र देवाराम निवासी गुड़ाबिश्नोइयान, हुकम सिंह पुत्र नाथू सिंह चारण निवासी डांगियावास, कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी पुत्र भंवरलाल निवासी सालवा कल्ला और ड्राइवर (कॉन्स्टेबल) दिलीप मेघवाल पुत्र मानकलाल निवासी महामंदिर (जोधपुर) थे। सभी जोधपुर रेंज आईजी ऑफिस से बाड़मेर जा रहे थे। वहीं क्रेटा कार में सीईओ चौहटन के रीडर गोपी किशन मेघवाल सवार थे। साथ में उनकी पत्नी, बेटी और एक महिला रिश्तेदार थी। गोपी किशन परिवार के साथ बालोतरा की तरफ जा रहे थे। नेशनल हाईवे-25 पर दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। क्रेटा कार से टकराने के बाद पुलिस की कार रोड से उतरकर करीब 20 मीटर दूर जाकर झाड़ियों में पलट गई। कार में सवार सभी 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी की हालत गंभीर है। पुलिस लोगों की मदद से सभी को पहले बायतु हॉस्पिटल लेकर गई। वहां से जोधपुर रेफर कर दिया गया। क्रेटा कार में सवार सभी लोगों को हल्की चोटें लगीं। उनका बायतु में प्राथमिक इलाज किया गया और छुट्टी दे दी गई।





# वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ 7 राज्यों में प्रदर्शन

## ● कोलकाता-अहमदाबाद में मुस्लिम संगठनों ने पोस्टर जलाए, केरल में 50 लोग भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों





पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, केरल के मुनंबम में वक्फ से भूमि विवाद में उलझे 50 लोगों ने भाजपा जॉइन की। इन लोगों संपत्ति पर वक्फ बोर्ड का दावा है। ये लोग बीते 6 महीन से वक्फ का विरोध कर रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। यूपी में हंगामा ना हो इसके लिए शहरों के पुलिस मुख्य चौराहों पर तैनात है। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया। वक्फ संशोधन बिल गुरुवार देर रात को 12 घंटे से ज्यादा लंबी की चर्चा के बाद राज्यसभा से पास हुआ। बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। एक दिन पहले लोकसभा में भी बिल पर 12 घंटे चर्चा चली थी।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई है। बिल पर 2 और 3 अप्रैल को लोकसभा-राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसे अब राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। उनकी सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा। राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। तमिलनाडु की डीएमके ने भी याचिका लगाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया। उन्होंने शुक्रवार सुबह एक्स पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा-वक्फ संपत्तियों में सालों से गड़बड़ी हो रही थी।

## मथुरा की शाही ईदगाह को नहीं मान सकते मस्जिद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मथुरा की शाही ईदगाह को मस्जिद के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसकी वजह है कि यह भारतीय पुरातत्व विभाग के तहत संरक्षित स्थान है। हिंदू पक्ष ने यह दलील दी है, जिसके बाद मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस तरह मथुरा के शाही ईदगाह और कृष्ण जन्मभूमि विवाद ने रोचक मोड़ ले लिया है। इस पर शीर्ष अदालत का कहना है कि वह इस बात का



परीक्षण करेगी कि आखिर इस दावे की क्या वैधता है। दरअसल हाई कोर्ट ने हिंदू पक्ष की दलील के बाद इस मामले में एएसआई को भी पार्टी बनाने को कहा था। मुस्लिम पक्ष की याचिका सुनते हुए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी किया है। मुस्लिम पक्ष की अपील सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जहां तक यह सवाल है कि क्या एएसआई संरक्षित स्थान का इस्तेमाल मस्जिद के तौर पर किया जा सकता है।

## रामनवमी रैली पर ममता सरकार को 'हाई' झटका

### *हिंदू संगठनों को रैली निकालने की मिल गई अनुमति*

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता हाई कोर्ट से शुक्रवार को ममता बनर्जी सरकार को झटका लगा है। कोर्ट ने हिंदू संगठन अंजनी पुत्र सेना को हावड़ा में प्रस्तावित रूट पर रामनवमी की रैली निकालने की अनुमति दे दी है। शुरुआत में पश्चिम बंगाल सरकार ने इस रैली पर पिछले अदालती आदेशों के उल्लंघन होने का हवाला देते हुए आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए छह अप्रैल को होने वाली रामनवमी की रैली निकालने की इजाजत दे दी।



हालांकि, कोर्ट ने हिंदू संगठन को शांतिपूर्ण रैली सुनिश्चित करने के लिए कुछ सख्त शर्तें भी लगाई हैं।

## कांग्रेस को मंजूर नहीं वक्फ बिल, जाएगी सुप्रीम कोर्ट

### पार्टी ने कसी कमर, वैधता को सुप्रीम कोर्ट में देगी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी वक्फ बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025 पास हो चुका है। हालांकि कांग्रेस को यह मंजूर नहीं है। देश की सबसे पुरानी पार्टी का कहना है कि बहुत जल्द इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी और इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती देगी।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने आगे कहा, हमें विश्वास है और हम मोदी



सरकार द्वारा भारतीय संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर किए गए सभी हमलों का विरोध करते रहेंगे।

### ● नए युग की शुरुआत, प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

## संसद में वक्फ विधेयक पारित होने पर जताई खुशी

बैंकॉक (एजेंसी)। बहुचर्चित वक्फ बिल गुरुवार देर रात संसद से पारित हो गया है। बिम्सटेक सम्मेलन में



भाग लेने के लिए विदेश दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वक्फ संशोधन बिल के संसद में पारित होने को ऐतिहासिक लम्हा बताया। पीएम ने कहा कि इस बिल का पारित होना हमारे देश में सामाजिक- आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह कानून विशेष रूप से उन लोगों की मदद करेगा जो लंबे समय से हाशिये पर हैं। कई तरीकों से उन लोगों को आवाज उठाने और बराबरी करने के अवसर से वंचित रखा गया है। एक्स पर पोस्ट करके पीएम ने साथियों को भी धन्यवाद दिया।

## हिंदुओं की करें सुरक्षा, फालतू बयानबाजी से बचें

### ● मोहम्मद यूनुस के साथ बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश को दो टूक सुनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। थाईलैंड में बिम्सटेक की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच आज बातचीत हुई। पड़ोसी देश की पुरजोर कोशिश के बाद हुई इस बैठक में भारत ने बांग्लादेश से कई मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों खास तौर पर हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाया। पीएम मोदी साथ ही बांग्लादेश को बयानबाजी बंद करने की नसीहत भी दे दी। भारत ने साथ ही बांग्लादेश को पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का



अपना वादा दोहराया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की चिंता का खास तौर पर जिक्र किया। मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने बैठक के दौरान हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के मुद्दे को उठाया। मिसरी ने कहा कि भारत ने साथ ही लोकतांत्रिक, स्थायी, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन का वादा किया।

**यूनुस ने पीएम मोदी को गिफ्ट की खास तस्वीर-** बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार



प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच एक खास मुलाकात हुई। इस अवसर पर प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक तस्वीर गिफ्ट के तौर पर दी। यह तस्वीर 3 जनवरी 2015 की है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 102वीं इंडियन साइंस कांग्रेस में प्रोफेसर यूनुस को गोल्ड मेडल दिया था। मुहम्मद यूनुस की तरफ से इस यादगार तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया गया है। प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री मोदी बैंकॉक में द्विपक्षीय बैठक कर रहे थे। इसी दौरान प्रोफेसर यूनुस ने उन्हें यह पुरानी तस्वीर भेंट की।

## मणिपुर में 4 महीने से शांति, नहीं हुई कोई हिंसा

**शाह बोले-**

**सरकार हिंसा खत्म करने का रास्ता निकाल रही**

**खड़गे ने कहा-**

**मोदी बताएं, वहां क्यों नहीं गए**

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदन से मंजूरी मिल गई। लोकसभा में शाह ने कहा-दिसंबर से मार्च तक बीते चार महीनों से मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई है। राहत कैंपों में खाने-पीने, दवाइयों और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। अमित शाह ने कहा- हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मणिपुर में दो समुदायों के



बीच आरक्षण संबंधी विवाद के कारण जातीय हिंसा शुरू हुई। ये न तो दंगे हैं और न ही आतंकवाद। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 260 लोगों की मौत हुई। इनमें से 80 फीसदी मौतें पहले महीने में, जबकि बाकी मौतें बाद के महीनों में हुईं। दरअसल, मई 2023 से मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी। 9 फरवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन के इस्तीफा के बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया। नियम के तहत 2 महीने के भीतर सरकार को दोनों सदनों से राष्ट्रपति शासन को लेकर परमिशन लेनी पड़ती है। शाह ने कहा- मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद मैतेई और कुकी दोनों कम्युनिटी के बीच 13 बार बातचीत हुई। गृह मंत्रालय जल्द दिल्ली में एक संयुक्त बैठक करेगा। सरकार हिंसा को समाप्त करने का रास्ता खोजने के लिए काम कर रही है। खड़गे बोले- मणिपुर जल रहा, लेकिन मोदी वहां नहीं गए राज्यसभा में प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा- मणिपुर जल रहा है, लेकिन पीएम मोदी वहां एक भी बार नहीं गए। राज्य में यौन हिंसा की घटनाएं हुईं, फिर भी भाजपा चुप रही।

**जातीय हिंसा केवल भाजपा सरकार में नहीं हुई-** हिंसा नहीं होनी चाहिए और जातीय हिंसा को किसी राजनीतिक दल से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। विपक्ष यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि जातीय हिंसा हमारी सरकार के दौरान हुई। लेकिन 1993 से 1998 के बीच मणिपुर में नागा-कुकी संघर्ष 5 वर्षों तक चला, जिसमें 750 लोगों की मौत हुई। अगले 10 वर्षों तक छोटे-छोटे हमले होते रहे। 1993 से 1998 तक नागा-कुकी संघर्ष में 750 लोगों की जान गई थी। 1997-98 में कुकी-मैतेई संघर्ष में 352 लोगों की मौत हुई थी, 50 से ज्यादा गांव जला दिए गए थे और 40 हजार लोग विस्थापित हुए थे। वहीं, 1993 में मैतेई-पंगल संघर्ष में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

**हिंसा भड़की लेकिन तुरंत कंट्रोल किया गया-** हम मानते हैं कि ऐसे हादसे हमारे शासन के दौरान नहीं होने चाहिए, लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण फैसले के कारण हिंसा भड़क उठी, जिसे तुरंत कंट्रोल कर लिया गया।

# सलमान खान के साथ और नाडियाडवाला प्रोडक्शन में काम करना मेरे लिए रोमांचक था - श्रेया गुप्तो

**सिकंदर** में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आ रही हैं। फिल्म में दोनों की जोड़ी काफी पसंद किया जा रहा है। रश्मिका के अलावा फिल्म में एक और साउथ एक्ट्रेस ने अहम भूमिका निभाई है जिसका नाम श्रेया गुप्तो है। सिकंदर में अभिनेत्री ने नर्स की भूमिका निभाई है। श्रेया ने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्मों से की थी। अब भाईजान के साथ काम करने को लेकर एक्ट्रेस ने कई सारी बातों को लेकर खुलासा किया है।

### बॉलीवुड के सेट पर पहला अनुभव

हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने फिल्म में रोल मिलने पर और सलमान खान के साथ पहला बड़ा ब्रेक मिलने को लेकर कई सारी बाते साझा की थीं। उन्होंने बताया कैसे एक्ट्रेस ने इस रोल के लिए पहले ऑडिशन दिया और फिर उनकी कास्टिंग हुई। श्रेया ने इंटरव्यू में कहा, 'यह बॉलीवुड फिल्म सेट पर मेरा पहला अनुभव है, और मैं इससे अधिक आभारी नहीं हो सकती। एआरएम के तहत, सलमान खान के साथ और नाडियाडवाला प्रोडक्शन में काम करना मेरे लिए रोमांचक था। ये बहुत बड़े नाम हैं, और इस दुनिया में कदम रखना अवास्तविक लगा।' अभिनेत्री श्रेया ने हाल ही में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान धारावी के सेट पर काम किया। उन्होंने बताया कि जब वह सेट पर पहुंचीं, तो फिल्म का भव्य पैमाना देखकर हैरान रह गईं। प्रोडक्शन डिजाइन बहुत शानदार था और धारावी का सेट अमित रे और सत्यजीत चक्रवर्ती ने बेहद रियलिस्टिक बनाया था।



श्रेया पहले भी रजनीकांत (दरबार) और सूर्या जैसे बड़े तमिल सितारों के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा,'हर एक्टर चाहता है कि उसका काम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। बड़े सितारों के साथ काम करने से ये मौका मिलता है। लेकिन चाहे सामने कोई नया एक्टर हो या सुपरस्टार, मेहनत और प्रोफेशनल रवैया हमेशा जरूरी होता है।'

बताते चलें कि श्रेया गुप्ता की मां ने भी कभी परिवार का खर्च चलाने के लिए फिल्मों में कई साइड रोल किए थे। लेकिन श्रेया का मानना है कि इससे उन्हें इंडस्ट्री में कोई खास मदद नहीं मिली। बाहरी लोगों की मुश्किलों पर बात करते हुए उन्होंने कहा,'मैं झूठ नहीं बोलूंगी, इंडस्ट्री में ऑडिशन का मौका मिलना भी कई बार बाहर से आने वालों के लिए बहुत मुश्किल होता है। ओटीटी पर कोई अच्छा रोल पाने के लिए बहुत से मानदंड होते हैं, और जिनका इंडस्ट्री में कोई जान-पहचान नहीं होती, उनके लिए ये सफर और भी मुश्किल हो जाता है।

# संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में दीपिका पादुकोण





**निर्देशक** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' बहूप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। अब, कथित तौर पर दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म में शामिल हो सकती हैं। फिल्म शिल्मी की एक रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री को संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में एक भूमिका के लिए चुना जा रहा है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की रणबीर कपूर के साथ 40 मिनट की भूमिका होगी।

### दीपिका रणबीर कर सकते हैं रोमांस

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रणबीर और दीपिका के बीच रोमांटिक सीन भी होंगे। इसलिए फिल्म को सीबीएफसी से 'ए' सर्टिफिकेट मिल सकता है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म में भंसाली कैटरीना को भी ले सकते हैं। शायद, एक खास डांस नंबर के लिए!

### फिल्म की कहानी के बारे में नहीं है पता

'लव एंड वॉर' ने रिलीज से पहले ही शानदार चर्चा बटोरी है क्योंकि इसमें कमाल की कास्टिंग है। फिल्म देखने वाले हमेशा संजय लीला भंसाली की फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन कहा जा रहा है कि 'लव एंड वॉर' राज कपूर की फिल्म 'संगम' से प्रेरित है जो एक लव ट्राइएंगल थी।

### अगले साल मार्च में रिलीज होगी फिल्म

हम सभी जानते हैं कि रणबीर और दीपिका एक दूसरे को डेट कर रहे थे। बाद में, रणबीर कैटरीना कैफ के साथ रिलेशनशिप में थे, जो अब विक्की कौशल से शादी कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में पहले से ही रणबीर की रियल लाइफ पत्नी आलिया भट्ट हैं। 'लव एंड वार' अगले साल मार्च में रिलीज हो सकती है। उम्मीद है फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काई अच्छा कमाल करेगी।

# एक्ट्रेस सारा अली खान ने प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन किए; बेहद खूबसूरत और आरामदायक व्हाइट चिकनकारी सूट पहना

**एक्ट्रेस** सारा अली खान हर बार अपने सिंपल लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में उन्होंने गुवाहाटी के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन किए और इस मौके पर बेहद खूबसूरत और आरामदायक व्हाइट चिकनकारी सूट पहना हुआ है। उनका यह एथनिक लुक न सिर्फ सादगी से भरा है, बल्कि गर्मियों के मौसम के लिए एक बेहतरीन लुक दिखाई दे रहा है। उनके इस खास लुक पर आप भी एक नजर जरूर डालिए।

बता दें, अभिनेत्री सारा अली खान ने मंदिर के दर्शन के दौरान ब्रह्मपुत्र नदी की बोट राइड से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इन तस्वीरों में वह बिना मेकअप लुक में नजर आईं, जहां उन्होंने केवल हल्का सा लिप बाम लगाया हुआ है। उनका यह नेचुरल और सिंपल लुक उनके ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ बेहद खूबसूरत लग रहा है।

### सारा ने मैचिंग सफेद सलवार और दुपट्टा पहना हुआ है



सारा के इस व्हाइट चिकनकारी कुर्ते की बात करें तो इसे मैचिंग सफेद सलवार और दुपट्टे के साथ पहना गया है।

यह ऑल-व्हाइट लुक उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो गर्मियों में पारंपरिक पहनावा अपनाना चाहते हैं। लेकिन बिना किसी झंझट के स्टाइलिश भी नजर आना चाहते हैं। अगर आप भी सारा की तरह चिकनकारी कुर्ता पहनने का शौक रखती हैं तो उनका ये ट्रेडिशनल लुक ट्राई कर सकती हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com